निगम सम्मेलन : अधूरे काम और निजी कंपनी पर बरसे पार्षद, महिला पार्षद धरने पर बैठीं

बुरहानपुर। बुरहानपुर नगर निगम का बजट सत्र बुधवार को परमानंद गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में हंगामे के बीच शुरू हुआ। जलावर्धन योजना में कथित अनियमितताओंए गंदे पानी की आपूर्ति और अधूरे विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों ने निगम प्रशासन को घेर लिया। पार्षदों ने निजी कंपनी के खिलाफनिंदा प्रस्ताव लाने की मांग कीए लेकिन प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि पार्षदों की आपत्तियों से एमपीयूडीसी को अवगत कराया जाएगा। कांग्रेस पार्षद एवं अधिवक्ता उबैद शेख ने आरोप लगाया कि चार साल के कार्यकाल में जनप्रतिनिधियों के वार्डों में अपेक्षित विकास कार्य नहीं हुए। उन्होंने कहा कि महापौर द्वारा प्रत्येक पार्षद को पांच लाख रुपए की निधि और वार्डों में 15.20 लाख रुपए के विकास कार्य कराने का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। योजनाएं बनींए टेंडर जारी हुएए लेकिन बाद में निरस्त कर दिए गए।

उन्होंने कहा कि खराब सड़केंए नालियां और जलभराव आज भी बड़ी समस्या बने हुए हैं।

यदि हालात नहीं सुधरे तो अगले चुनाव में जनता के बीच जाना मुश्किल होगा।

पार्षद अजय उदासीन ने कहा कि जलावर्धन योजना के तहत अब तक सभी वार्डों में नल कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। आधे शहर में नई लाइनें पूरी नहीं हुईंए जबकि पुरानी जलापूर्ति व्यवस्था बंद कर दी गई और ट्यूबवेल की मोटरें भी निकाल ली गईं। उन्होंने सवाल उठाया कि निगम प्रशासन निजी कंपनी का बचाव क्यों कर रहा है। पार्षद गौरव शुक्ला ने भी लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि जल विभाग पर सबसे अधिक खर्च होने के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं दिख रहा है। उन्होंने जनहित में शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने की मांग भी की। बैठक के दौरान निर्दलीय पार्षद अमित नवलखे और आयुक्त संदीप श्रीवास्तव के बीच जलावर्धन योजना को लेकर तीखी बहस हुई। डिप्टी स्पीकर फहीम हाशमी ने मांग की कि जब तक हर घर तक नई जलापूर्ति नहीं पहुंचतीए तब तक पुरानी पानी सप्लाई व्यवस्था जारी रखी जाए। इसी दौरान भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के बीच भी तीखी नोकझोंक हुई। सांसद प्रतिनिधि आदित्य प्रजापति पहली बार बैठक में शामिल हुएए जबकि विधायक प्रतिनिधि के रूप में चिंतामन महाजन मौजूद रहे। महाजन ने निजी कंपनी के खिलाफनिर्णय लेने में जल्दबाजी नहीं करने की बात कहीए जिस पर उबैद शेख ने कहा कि कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना सरकार की नीति का विरोध नहीं है।

महिला पार्षद जमीन पर बैठीं:-वार्ड में सफाई व्यवस्था से नाराज पार्षद मीना मोरे अध्यक्ष की आसंदी के सामने जमीन पर बैठ गईं। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी स्वर्णिका वर्मा पर फोन नहीं उठाने और सफाई व्यवस्था की अनदेखी का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की। निर्दलीय पार्षद अमित नवलखे भी सदन में जमीन पर बैठ गए और जलावर्धन योजना से जुड़े वीडियो को सदन में चलाने की मांग की। बाद में वीडियो प्रस्तुत किया गया।

महापौर माधुरी पटेल ने कहा कि गर्मी के दौरान भी पानी की समस्या रही है। लीकेज के कारण कई जगह गंदा पानी सप्लाई हुआ। उन्होंने कहा कि जलावर्धन योजना पूरी होने तक शहर की पांचों पुरानी पानी टंकियां चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। इससे बिजली खर्च बढ़ेगाए लेकिन नागरिकों का स्वास्थ्य अधिक महत्वपूर्ण है।

नवागत उप पुलिस महानिरीक्षक सिमाला प्रसाद का बुरहानपुर भ्रमण

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया एवं अधिकारियों से किया परिचय प्राप्त ।

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नवागत उप पुलिस महानिरीक्षक, निमाड़ रेंज खरगोन, सुश्री सिमाला प्रसाद ने आज बुरहानपुर जिले का प्रथम भ्रमण किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष बागरी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ परिचयात्मक एवं बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सुश्री सिमाला प्रसाद ने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले की कानून.व्यवस्था एवं आगामी त्योहारों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक डिमांडरेंज खरगोन सुश्री सिमाला प्रसाद ने कहा कि कानून.व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आमजन की सुरक्षा,अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते सुनिश्चित की जाएं।

एक नजर में

इंदौर हाईवे पर ऑटो पलटा 4 महिलाएं घायल

बुरहानपुर। बुरहानपुर इंदौर.इच्छापुर हाईवे पर बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक ऐपे ऑटो अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। हादसे में चार महिलाएं घायल हो गईं। सभी घायलों को डायल 112 और एंबुलेंस 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा शाहपुर फाटे से पहले होटल मन के पास हुआ। सभी महिलाएं मैथा खारी गांव की रहने वाली हैं। वे नसबंदी कैंप में शामिल होने के लिए बुरहानपुर जिला अस्पताल जा रही थीं। घायल महिला ने बताया कि ऑटो के पास से एक ट्रक निकला। इसके बाद ऑटो अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया।डायल 112 की टीम ने तीन महिलाओं को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं एंबुलेंस 108 से प्रमिला नाथ को अस्पताल लाया गया। ऑटो में सवार कमला बाई ने बताया कि वाहन में छह से सात महिलाएं थीं। इनमें से चार महिलाएं घायल हुई हैं। सभी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत में सुधार है।

बोमलियापाठ में आंगनवाड़ी एवं उप स्वास्थ्य केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

बुरहानपुर। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने बुधवार को ग्राम बोमलियापाठ का भ्रमण कर आंगनवाड़ी भवनए उप स्वास्थ्य केंद्र एवं क्षेत्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने आंगनवाड़ी भवन का अवलोकन कर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया। क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था में विस्तार हेतु शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने पंचायत विभाग को पात्र हितग्राहियों के जॉब कार्ड बनाकर रोजगार उपलब्ध कराने तथा उन्हें शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित करने की बात कही। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने उप स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता की जानकारी लेकर आवश्यक औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बुरहानपुर पुलिस द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 का भव्य शुभारंभ

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश 'श्री कैलाश मकवाना' के निर्देशनए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन ग्रामीण अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन 'सुश्री सिमाला प्रसाद' के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर 'श्री आशुतोष बागरी' के नेतृत्व में जिला बुरहानपुर पुलिस द्वारा 'दिनांक 15 जुलाई 2026 से 30 जुलाई 2026' तक जिलेभर में 15 दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता अभियान . 'ष्नशे से दूरी है जरूरीष् चलाया जायेगा।

बुरहानपुर पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरीष् 2ण्0 अभियान का शुभारंभ किया गया अवसर पर कलेक्टर हर्ष सिंहए पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधिकारी,प्रशासनिक अधिकारीए विभिन्न विभागों के अधिकारी. कर्मचारी,विद्यार्थी, एनसीसी, एनएसएस, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर ड्रग अवेयरनेस मैराथन का आयोजन किया गया, जिसे कलेक्टर श्री हर्ष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मैराथन कमल तिराहा से प्रारंभ होकर गांधी चौक,सुभाष चौकए मंडी चौक,जय स्तंभ, शिवकुमार प्रतिमा, सिटी मॉल होते हुए पुनः कमल चौक पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने ष्नशे से दूरी है ज़रूरी, स्वस्थ युवादृसमृद्ध भारत, ष्नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो जैसे जागरूकता नारों के माध्यम से आमजन को नशे के विरुद्ध प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों एवं नागरिकों ने सिग्नेचर बोर्ड पर हस्ताक्षर कर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। साथ ही ड्रग अवेयरनेस मैराथन के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

थाना स्तर पर विभिन्न स्थानों में आयोजित कार्यक्रमः- थाना कोतवाली पुलिस स्टाफ द्वारा नशे से दूरी है जल्दी 2ण्0 अभियान के तहत शासकीय उत्कृष्ट सुभाष हाई सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना शिकारपुरा द्वारा अभियान के तहत रियाज पहलवान की होटल के पास शिकारपुर में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया। एवं पंपलेट वितरित किए गए। थाना लालबाग ,थाना गणपतिनाका , थाना नेपानगर ,थाना निंबोला ,थाना शाहपुर ,चौकी धूलकोट, डेड तलाई चौकी' में मॉडल स्कूल में उपस्थित छात्राओं को अभियान के तहत नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई शपथ दिलवाई गई एवं एवं पंपलेट वितरित किए गए।

आज शाम निकलेगी भगवान जगन्नाथ की यात्रा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भगवान श्री जगन्नाथ की पावन एवं विशाल शोभायात्रा 16/07/2026 आज शाम 5 बजे जगन्नाथ मंदिर, इतवारा मालीवाड़ा वार्ड से श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली जाएगी ।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों विट्ठल मंदिर चौराहा,गोकुल चंद्रमा मंदिर एवं नागझिरी होते हुए पुनः जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी ।

शोभायात्रा में भगवान जगन्नाथए भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दिव्य स्वरूपों के दर्शनए भजन. कीर्तन, जयघोष एवं धार्मिक वातावरण श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा ।

नगर के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा मार्ग में श्रद्धालुओं का स्वागत भी किया जाएगा ।

जगन्नाथ मंदिर के विजय बैरागी महाराज ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अपने परिवारए इष्ट.मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में सम्मिलित होकर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें । उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से महाआरती एवं प्रसादी का लाभ लेने तथा अपनी सहभागिता से इस विशाल धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है ।

आयोजकों ने नगरवासियों से शोभायात्रा के दौरान धार्मिक मर्यादा बनाए रखने, भगवान के जयघोष के साथ भक्ति भाव से शामिल होने तथा आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने में सहयोग देने का अनुरोध किया है ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी शकील तिजोरी वाला ए प्रदेश अध्यक्ष हाजी नूर उल्लाह साहब के नेतृत्व में लोजपा ;राएद्ध के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जी एखाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय चिराग पासवान से 14 जुलाई को मिनिस्टर चैंबर पंचशील भवन नई दिल्ली में मुलाकात की बुरहानपुर शहर के साथ फसल आधारित बीमा और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की भी मांग की गई ए प्रदेश सचिव शकील खान ने जानकारी देते हुए बताया हमने प्रमुख चार मांगे लिखीत केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जी को दी है यह मांग रखी गई।

मौसम आधारित फसल बीमा लागू किया जाए, ऐतिहासिक बुरहानपुर ताप्ती मिल सुचारु रूप से चालू किया जाए, पावरलूम बुनकरों को मजदूरी, बिजली टेरिफकी समस्या का समाधान हो, पत्रकारों का परिवार और स्वयं के सुरक्षा हेतु पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो, लोजपा के प्रदेश सचिव शकील खान ने चिराग पासवान जी से मुलाकात करते वक्त, शॉल श्रीफल,फुल गुलदस्ता देकर बुरहानपुर एतिहासीक शहर का तस्वीर भी फोटो बनाकर भेंट की गई ,केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जी ने तत्काल मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव को लेटर लिखकर बुरहानपुर की समस्या निराकरण करने की बात कही। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सैय्यद सौकत अली, जितेद रावतोले, जिला उपाध्यक्ष शंकर पासी, मांगीलाल पटेल मौजुद रहे ।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की मैनेजमेंट कमेटी की बैठक

बुरहानपुर। सातपायरी के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में मैनेजमेंट कमेटी की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने बच्चों के व्यक्तित्व विकासए रोचक तरीके से सीखाने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ.साथ बच्चों को प्रायोगिक अध्ययन भी कराया जाये। उन्होंने परीक्षा परिणाम के प्रतिशत बढ़ाने एवं विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ बोलने हेतु प्रेरित करने की बात भी कही।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अधोसंरचना, छात्र छात्राओं की प्रगति एवं विभिन्न आवश्यकताओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। विद्यालय में खेल मैदान के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए खेल मैदान में लगे बिजली के खंभों को हटाने के लिए संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु भी निर्देशित किया। वहीं विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग को विद्यालय के लिए एक चिकित्सक सुनिश्चित करने के लिये कहा गया। यह चिकित्सक प्रतिदिन दो घंटे विद्यालय में अपनी सेवाएँ प्रदान करेगाए जिससे विद्यार्थियों को नियमित स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार उपलब्ध हो सके।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने विद्यालय में ओवरहेड वॉटर टैंक की स्थापना हेतु जनजातीय कार्य विभाग,फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने तथा विद्यालय के शेष मरम्मत कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में कंप्यूटर लैब एवं स्मार्ट क्लास के सुदृढ़ीकरण हेतु अतिरिक्त कंप्यूटर उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देश दिये गये।

दिगंबर जैन महासभा महिला इकाई द्वारा वृक्षारोपण

बुरहानपुर। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला महासभा द्वारा श्रीमती काजल कासलीवाल की अध्यक्षता एवं श्रीमती ज्योति पहाड़िया,सुनीता बड़जात्या,श्रीमती कनक बड़जात्या के मुख्यातिथ्य में नवकार भवन फोपनार मार्ग पर स्वर्गीय श्री कैलाश चंद जैन बड़जात्या की स्मृति में वृक्षारोपण किया गया। श्रीमती शीतल काला एवं नीलिमा सेठी ने श्रीमती शोभा जैनए मनीला सेठीए अंजू ठोलिया आस्था कासलीवाल एरितु लोहारिया आदि पदाधिकारियों का स्वागत किया।उपस्थित अर्धशत काधिक महिलाओं ने . आओ पेड़ लगाएं हम,पर्यावरण बचाएं हम एइस धरती को हरा भरा कर]रहने योग्य बनाएं हम.गीत का गायन किया। इस अवसर पर पूर्व से लगे पेड़ों के आसपास सफाई कर थाले बनाए गए ताकि वृक्षों को अधिक पानी मिल सके। इस वृक्षारोपण अभियान हेतु डा.सुरेन्द्र जैन भारती,दिलीप पहाड़िया,प्रमोद बड़जात्या, राजेश सेठी,सन्तोष काला ने महिला महासभा को प्रेरणा एवं साधुवाद दिया।

एक नजर बुरहानपुर महिला सम्मेलन ऐतिहासिक रूप से सफल,भारी संख्या में पहुंची महिला कार्यकर्ता

हम समाज शक्ति के है प्रखर पुंज , हम देव भूमि के है तारक : प्रदेश अध्यक्ष परांजपे

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी परांजपे के बुरहानपुर जिले में प्रथम आगमन पर बुधवार को बुरहानपुर पहुचने पर गर्मजोशी जोरदार स्वागत किया गया। आरती उतारते हुवे पुष्पवर्षा भी की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ,म.प्र. कार्यसमिति सदस्य ,पुर्व केबिनेट मंत्री ,बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी का भी भावविभोर स्वागत उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता,डॉ. श्यामाप्रसाद जी मुखर्जी एवं पंण्डित दिनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

राजस्थानी भवन बहादरपुर रोड पर बुरहानपुर पर आयोजीत इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने,नेपा विधायक मंजु राजेन्द्र दादु, प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अंजना पटेल, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सारिका उपाध्याय, प्रशिक्षण प्रभारी शिवानी अडंसपुरकर, प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री चारूलता मंगल यादव, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, पूर्व विधायक एवं अनूसुचित जाती मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा कास्डेकर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सावित्री बत्रा , जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनाली प्रदीप पाटील,नगर परिषद शाहपुर अध्यक्ष श्रीमती साधना विरेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत खकनार उपाध्यक्ष श्रीमती आरती निलेश चौकसे ,जनपद पंचायत

उपाध्यक्षआशा विनोद पाटील, नगर परिषद उपाध्यक्ष रजनी गोपाल चौधरी ,जिला मंत्री सुधा चौकसे ,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सावित्री बत्रा,महिला मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष किरण रायकवार, वरिष्ठ भाजपा नेत्री मधु चौहान , भुतपूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती उमा कपुर ,ी करुणा भट्ट सहित अनेक महिला नेत्री मंचासीन थी।

भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता श्रीमती अश्विनी परांजपे ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर चलते हुए भाजपा अंत्योदय को समर्पित है। उन्होंने कहा ष्भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसा दल है जिसने दुनिया को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा विश्व नेता दिया है। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले जहां बेटी के जन्म पर मातम मनाया जाता थाए भाजपा सरकार की लाड़ली लक्ष्मी योजना ने उसे उत्सव में बदल दिया। बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने से समाज का नजरिया बदला है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ,म.प्र. कार्यसमिति सदस्य ,पूर्व केबिनेट मंत्री ,बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी ने अपने संबोधन में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं छोटे.छोटे स्व.सहायता समूह बनाकर घरेलू उत्पाद तैयार करें और सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आजीविका सुदृढ़ करें। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रधानमंत्री मोदी का दूरदर्शी निर्णय बताते हुए कहा कि यह कानून पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं को नेतृत्व का अवसर देगा। अंत में उन्होंने सभी महिलाओं से एकजुट होकर प्रधानमंत्री के हाथ मजबूत करने की अपील की।

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर.घर तक पहुंचाना ही महिला मोर्चा का लक्ष्य है। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण देकर प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति को राजनीतिक अधिकारिता प्रदान की है। डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं।

महिला सम्मेलन में स्वागत उदबोधन महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सावित्री रमेश बत्रा ने देते हुवे प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी परांजपे के बुरहानपुर जिले में प्रथम आगमन पर उनका स्वागत करते हुवे विश्वास दिलाया कि बुरहानपुर जिले में महिला मोर्चा भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रमो के साथ चुनावों में विजयश्री के लिए प्रदेशाध्यक्ष जी की मंशा अनुरूप कार्य करते हुवे अग्रणी भूमिका में रहेगा। हम संगठन को मजबुती के साथ स्थापीत करेगें।

नेपा विधायक मंजु राजेन्द्र दादु एवं महापौरी माधुरी अतुल पटेल ने भी अपने संबोधन में भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी परांजपे के बुरहानपुर जिले में प्रथम आगमन पर आत्मिय स्वागत करते हुवे निरंतर प्रदेश भर में दौरा करने पर कहा कि निश्चत महिला मोर्चा आधी आबादी के अनुरूप अपना महत्वपुर्ण योगदान भाजपा के लिए देता आया है और आपके नेतृत्व में मजबुती से कार्य करेगा।

कार्यक्रम का शानदार संचालन शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना विरेन्द्र तिवारी द्वारा किया गया। जिसका सभी ने स्वागत किया। अंत में बुरहानपुर एवं नेपानगर की महिला कार्यकर्ताओं ने पुष्पहारो द्वारा प्रदेशाध्यक्ष परांजपे, ,अर्चना चिटनिस दीदी, जिलाध्यक्ष श्रीमती सावित्री बत्रा का जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालो में श्रीमती जीजाबाई चिंतामन महाजन सहित महिला नेत्रीया प्रमुख थी। सम्मेलन में जिला ,मंडल ,मोर्चा,प्रकोष्ठ,पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

स्वागत और पौधारोपणः- कार्यक्रम पश्चात अश्विनी परांजपे जी ने बहादरपुर रोड स्थित जनपद पंचायत परिसर में वृक्षारोपण किया, तत्पश्चात सेवासदन महाविद्यालय के सामने स्थित सावित्रीबाई फूले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मिडिया प्रभारी मुकेश कुमार पुर्वे ने देते हुवे बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सर्वश्री चिंतामन महाजन,ईश्वर चौहान, संजय जाधव ,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी विरेन्द्र तिवारी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी प्रदीप पाटील, जिला उपाध्यक्ष श्री संभाजी सगरे, पूर्व पार्षद रूद्रेश्वर एन्डोले,ी संध्या कदवाने, दिपिका सोनी, सुवर्णा पाटिल, प्रियंका सातारकर, ममता दुबे, रत्ना बारी, भारती, रीना महाजन ,कल्पना मिश्रा, छाया गुडगे, साधना पवार, अंजली गढे, शिखा विजयवर्गीय, मीना राजेश चौहान, एल्डरमेन सुनिता वाजपेई, बसंता पाटील, जमना मोसी, नम्रता मुजूमदार, संगीता पगारे, सोनाली पाटील, कल्पना दलाल, रत्ना बारी उपस्थित थे ।